## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 30.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पांच विभूतियों को भारत रत्न सम्मान से नवाजा, राष्ट्रपति भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में नरेंद्र मोदी समेत कई गणमान्य रहे मौजूद।

2- रांची और खूंटी के सभी मतदान केंद्रों का बनेगा रुट चार्ट, संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त बलों की होगी तैनाती, रांची के उपायुक्त सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिये निर्देश।

3- ईडी पूर्व मुख्यमंत्री और जेल में बंद हेमन्त सोरेन के खिलाफ विशेष अदालत में आज दायर करेगी चार्जशीट, रांची जमीन घोटाला से जुड़ा है पूरा मामला।

4- राज्य सरकार ने धान खरीददारी की समय सीमा तीस अप्रैत तक बढ़ाई, पैक्सों के माध्यम से हो रहा क्रय, प्रखंडों, अनुमंडलों और जिलों में भी बनाए गए हैं, एमएसपी सेंटर।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव, बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर तथा कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। वहीं पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को कल देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी। अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार प्राप्त किए। अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

*********************

रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने रांची और खूंटी लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव को लेकर बुंडू में निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का रुट चार्ट बनाने और संवेदनशील बूथों पर सतर्कता बरतने और अतिरिक्त जवानों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों में शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैम्प समेत अन्य न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने की चल रही तैयारियों की भी जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का पालन हर हाल में करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

*********************

राज्य के प्लस टू के लिए नवनियुक्त शिक्षकों के विद्यालयों में योगदान के विषय पर निर्वाचन आयोग से अनुमति ली जाएगी। शिक्षा विभाग ने इसे लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग कमिटी के जरिए निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। गौरतलब है कि प्लस टू विद्यालयों के लिए चयनित नौ सौ तिरासी शिक्षकों को सात मार्च को नियुक्ति पत्र मिला था और तीस मार्च तक उन्हें योगदान करना था, लेकिन सोलह मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू होने की वजह से वे योगदान नहीं कर सके।

*********************

राज्य के नगर विकास और आवास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने शहरी नगर निकायों में पेयजल तथा स्वच्छता विभाग की चल रही पेयजल योजनाओं को हैंडओवर करने का निर्देश दिया है। वे कल विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों तथा संवेदकों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने राजधानी रांची के कांटाटोली फ्लाईओवर के नीचे दुकान तथा पार्किंग व्यवस्था की संभावना तलाशने का भी निर्देश दिया। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के तहत निर्मित आवासों में बिजली–पानी की सुविधा जल्द उपलब्ध कराने को कहा ताकि लाभुकों का गृह प्रवेश कराया जा सके। उन्होंने नगर निकायों में बन रहे टाउन हॉल और अन्य निर्माण कार्यों के प्रगति की भी जानकारी ली।

*********************

सरायकेला–खरसांवा में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

प्रवर्तन निदेशालय रांची जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री और जेल में बंद हेमन्त सोरेन के खिलाफ आज विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल करेगा। चार्जशीट में उनके नई दिल्ली स्थित आवास से बरामद छत्तीस लाख रुपए और जमीन से जुड़े कागजातों को भी संलग्न किया गया है। ईडी ने इस वर्ष इकतीस जनवरी को हेमन्त सोरेन को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ऐसे में मनी लाउंड्रिंग अधिनियम के तहत गिरफ्तारी के साठ दिनों के अंदर आरोपी के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल करना जरूरी है।

*********************

केंद्रीय विद्यालय संगठन, केवीएस ने झारखंड समेत देशभर के केंद्रीय विद्यालयों में नए सत्र के लिए नामांकन प्रकिया का शिड्यूल जारी कर दिया है। इसके तहत कक्षा एक के लिए रजिस्ट्रेशन एक अप्रैल से शुरू होगा, जबकि ग्यारवीं कक्षा में प्रवेश के लिए पंजीकरण दसवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी होने के बाद होगा। केवीएस ने देश के एक हजार दो सौ चौवन विद्यालयों में दाखिले को लेकर लेकर प्रवेश पोर्टल भी लांच किया है।

*********************

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव तीन अप्रैल को नए वित्तीय वर्ष में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर सभी जिलों के सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों के साथ बैठक करेंगे। इसके तहत जिला अस्पतालों में समुचित जांच तथा इलाज की सुविधा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जाने, अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, टेलिमेडीसीन से परामर्श और इलाज की सुविधा तथा महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए जागरुकता अभियान चलाने की रणनीति पर विचार विमर्श होगा।

*********************

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों, कार्यक्रमों और योजनाओं से राज्य की महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं। वे कल चतरा के ईटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के विकास के लिए पिछले दस वर्षों से लगातार काम करती आ रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य रखा है, उसमें देशवासियों का पूरा सहयोग मिल रहा है।

*********************

राज्य सरकार ने किसानों से धान खरीदने की समय सीमा इकतीस मार्च से बढ़ाकर तीस अप्रैल कर दी है। कृषि विभाग ने साठ लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य रखा था, लेकिन अबतक पच्चीस प्रतिशत ही धान खरीद होने की वजह से यह निर्णय लिया है। पूरे राज्य में पांच सौ बासठ पैक्स के माध्यम से धान क्रय हो रहा है। इसके अलावा प्रखंडों, अनुमंडलों और जिलों में भी एमएसपी केंद्र बनाये गये हैं। इधर, धान बेचने वाले उन्नीस हजार सात सौ से ज्यदा किसानों को पहली किस्त की राशि हस्तांरित की जा चुकी है।

**********************

<u>और अब संक्षिप्त खबरें</u>

- पलामू जिले के भवनाथपुर प्रखंड के कनीय अभियंता द्वारा अपने निजी वाहन के नेम प्लेट में भावी मुख्यमंत्री लिखे जाने पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के साथ वाहन भी जब्त कर लिया गया है।
- जेएससीए अंतर जिला अंडर–19 क्रिकेट प्रतियोगिता कल से शुरू होगी। राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में उद्घाटन मैच रांची और खूंटी के बीच खेला जाएगा।
- पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में पुलिस ने अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। इस मामले में ट्रैक्टर चालकों को हिरासत में लेकरप पूछताछ की जा रही है।

*******समाप्त*******